प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 04.06.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. नाबालिग को बहला फुसला कर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना काँठः-

अवगत कराना है कि दिनांक 31.05.2024 को वादी निवासी थाना काँठ क्षेत्रान्तर्गत नें वादी की नाबालिग पुत्री घर से बिना बताये कही चले जाने के संबंध में थाना कांठ पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कांठ पर मु0अ0सं0- 197/2024 धारा- 363 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचना व साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्त फैसल पुत्र शहजाद निवासी मौ0 इस्लामनगर कस्बा व थाना नूरपुर जनपद बिजनौर का नाम एंव पीडिता के बयानो से अभियुक्त द्वारा पीडिता को बहला फुसला कर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के तथ्य प्रकाश में आये। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 04.06.2024 को उ0नि0 रविन्द्र कुमार थाना कांठ जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त फैसल पुत्र शहजाद उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। बयानो/साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 366,376 भादवि0 व 3/ 4 (2) पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2. अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कुन्दरकीः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो के निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 03/04.06.2024 की रात्रि में उ0नि0 अनिल कुमार थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त संजय पुत्र सौराज सिंह निवासी ग्राम जैतपुर पट्टी थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को अवैध150 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना कुन्दरकी पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-171/2024 धारा- 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3. घर में घुसकर चोरी करने व शिकायत पर मारपीट करने की आरोपिता गिरफ्तार थाना भगतपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 21.05.2024 वादी निवासी थाना भगतपुर क्षेत्रान्तर्गत नें आरोपीगण द्वारा वादी के घर में घुसकर नगदी व जेवर चोरी करना व शिकायत करने पर मारपीट करनें के संबंध में थाना भगतपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भगतपुर पर मु0अ0सं0- 149/2024 धारा- 380/323 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 04.06.2024 को उ0नि0 जितेन्द्र कुमार, म0उ0नि नीशू थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्ता हुस्नजहाँ पत्नी अकबर निवासी ग्राम गंजोवाली थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्ता के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 3400/- रुपये नगद, पीली धातु की चैन बरामद की गयी । बरामदगी के मुकदमा उपरोक्त धारा 411 भा0द0वि0 की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4. अवैध अपमिश्रित शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ 02 आरोपीगण गिरफ्तार थाना मैनाठेरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शराब निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधीयो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 04.06.2024 को उ0नि0 पुष्पेन्द्र सिंह थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त हैदर पुत्र मजाहिर निवासी ग्राम फतेहपुर खास थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को अवैध 10 लीटर अपमिश्रित शराब व शराब बनाने के उपकरण 2 कि0ग्रा0 यूरिया आदि के साथ तथा उ0नि0 उम्मेद सिंह पोसवाल थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त जाकिर पुत्र जहांगीर निवासी ग्राम इमरतपुर उधौ थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को अवैध 10 लीटर अपमिश्रित शराब व शराब बनाने के उपकरण 1.5 कि0ग्रा0 यूरिया आदि के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना मैनाठेर पर अभियुक्त हैदर पुत्र मजाहिर उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0स0- 192/2024 धारा- 272 भादवि व 60 आबकारी अधिनियम व अभियुक्त जाकिर पुत्र जहांगीर उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0स0- 193/2024 धारा- 272 भादवि व 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किये गये। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

5. जनपदीय पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के 09 आरोपियो को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 04.06.2024 को **थाना कटघर पुलिस** द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था भंग कर रहे आरोपीगण 1.रोहित पुत्र चन्द्रपाल निवासी दुर्गेश नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, 2.विकास पुत्र भोपाल सिंह निवासी बढइयो वाला थाना जसपुर उधमसिंहनगर जिला उत्तराखण्ड, 3.कुलदीप पुत्र शकरलाल निवासी वाल्य थाना जसपुर जिला उधमसिंह नगर जिला उत्तराखण्ड, तथा **थाना ठाकुरद्वारा पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1.गौरव पुत्र स्व0 भोपाल सिंह निवासी ग्राम सूजरननगर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद, 2. मौ0 शाहिद पुत्र अब्दुल रशीद निवासी ग्राम रामनगर खागूवाला थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद, 3. उमेश पुत्र राम गौपाल सिंह निवासी ग्राम गडूवाला थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद, तथा **थाना मैनाठेर पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1.माहिर पुत्र तौला, 2.इमरान पुत्र जाकिर निवासीगण ग्राम नानकार थाना मैनाठेर मुरादाबाद, 3.सजन शेख पुत्र श्री शुकर मौहम्मद शेख निवासी कोहिनूर तिराहा थाना मझौला जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं शान्तिव्यवस्था कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।